मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांकः 06 अक्टुबर 2015

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	07/10/15	08/10/15	09/10/15	10/10/15	11/10/15
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	39	40	41	40	39
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	23	23	22	22	21
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	0	0	0	0	0
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	49	48	48	52	55
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	18	12	12	16	18
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	7	8	7	6	5
हवा की दिशा	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	उत्तर–उत्तर–पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

सरसों की बुवाई के लिए पूसा जय किसान (125–130 दिन), आर.एच.–30 (130–135 दिन), आर.एच–8812 (135–140 दिन), पूसा गोल्ड (125–130 दिन) व पी.आर–15 (125–130 दिन) उन्नत किस्मे हैं।

फसल को बीज जनित रोगों से बचाव के लिये 2.5 ग्राम मैन्कोजेब प्रति किलो बीज की दर से बीजोपचार करें।

बुवाई के लिए 4 से 5 किलो बीज प्रति हैक्टेयर प्रयोग में लें एंव पंक्ति से पंक्ति की दूरी 45 से 50 सेमी. तथा पौधे से पौधे की दूरी 10 सेमी. रखें।

सौंफ की बुवाई के लिए उन्नत किसमें आर.एफ–125, आर.एफ–143, आर.एफ–101 की बुवाई करें। बुवाई हेतु 8–10 किलो ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर प्रयोग में लें।

पशु बाड़े में मल–मूत्र व कचरा आदि के कारण पशु में संक्रामक रोगों व परजीवियों का प्रकोप बढ़ने का खतरा रहता है। अतः बाड़े की साफ–सफाई पर ध्यान दें।

(नौडल ऑफीसर)